# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 23.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यूके की मंत्री के साथ वार्ता में शिक्षा, कौशल विकास, प्रभावशाली खनन, जलवायु परिवर्तन और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर दिया जोर।
2. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी आज रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय में विकसित भारत विषय पर विद्यार्थियों के साथ करेंगे संवाद।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के पंडरा कृषि बाजार समिति परिसर में चुनावी कार्यों पर लगायी रोक, राज्य सरकार को जगह उपलब्ध कराने का दिया आदेश।
4. मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक आंशिक बादल छाने और कहीं–कहीं हल्का कोहरा छाये रहने का जताया अनुमान।
5. 28 जनवरी से त्रिवेंद्रम में आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड की 29 सदस्यीय मास्टर एथलेटिक्स टीम होगी शामिल।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यूनाइटेड किंगडम की मंत्री सीमा मल्होत्रा से मुलाकात कर शिक्षा, कौशल विकास, उत्तरदायी खनन, जलवायु परिवर्तन और संस्कृति के क्षेत्रों में झारखण्ड–यूके सहयोग को सुदृढ़ करने पर चर्चा की। यूके की मंत्री ने मरांग गोमके जयपाल मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप एवं चेवनिंग स्कॉलरशिप की सराहना करते हुए इन्हें भारत–यूके साझेदारी का प्रभावी उदाहरण बताया। बैठक में जस्ट ट्रांजिशन, क्रिटिकल मिनरल्स, शैक्षणिक और शोध सहयोग तथा झारखंड के मेगालिथ स्थलों के संरक्षण पर सहयोग पर सहमति बनी।

********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का संयुक्त कार्यक्रम आज रांची में आयोजित किया जाएगा। सीसीएल के दरभंगा हाउस स्थित ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से नौसेना प्रमुख ट्रिपल आईटी, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और एनसीसी कैडेट्स के साथ विकसित भारत विषय पर संवाद करेंगे। इस संबंध में भाजपा नेता अजय मारू ने कहा कि नौसेना प्रमुख का यह दौरा विकसित भारत की दिशा में जोश भरेगा।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने पंडरा कृषि बाजार समिति परिसर में अब किसी भी तरह के चुनाव कार्यों पर रोक लगा दी है। कोर्ट के आदेश पर अब यहां न तो मतगणना होगी और न ही स्ट्रांग रूम बनेगा। झारखंड हाईकोर्ट ने कल झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की जनहित याचिका पर सुनवाई में यह आदेश दिया। अदालत ने राज्य सरकार एवं राज्य निर्वाचन आयोग को मतगणना व वज्रगृह के लिए स्थान तलाशने को कहा। अदालत के इस फैसले पर झारखंड चैंबर ने खुशी जतायी है।

********************

चुनाव आयोग ने भ्रामक सूचनाओं को रोकने के उदेद्श्य से ईसीआईनेट के नाम से एक नया एप लॉन्च किया है। यह एप सभी चुनाव संबंधी गतिविधियों के लिए एक सिंगल प्लेटफॉर्म भी होगा। इसमें 40 से ज्यादा मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशन भी समाए हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि यह भ्रामक सूचना का मुकाबला करने का एक हथियार है।

********************

गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर नई दिल्ली के लाल किले में आयोजित भारत पर्व में झारखंड की झांकी राज्य की हरियाली, वन्यजीव और आदिवासी संस्कृति को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेगी। इस झांकी में दसम जलप्रपात, एशियाई हाथी, नीलगाय, इको–टूरिज्म और साहसिक पर्यटन के साथ पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता पर झारखंड की प्रतिबद्धता दिखाई जाएगी। यह झांकी सतत विकास और प्रकृति आधारित पर्यटन को प्रमुखता से सामने लाएगी।

********************

झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा के सांसदों ने रांची–नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को सप्ताह में सातों दिन चलाने की मांग रेलवे मंडल समिति से की है। दक्षिण–पूर्व रेलवे के नेतृत्व में रांची में आयोजित बैठक में रेलवे मंडल समिति ने इस प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड के पास भेज दिया। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने

रांची से पूरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाने, होली स्पेशल ट्रेन चलाने और बरकाकाना, मेसरा, रामगढ़, मैकलुस्कीगंज, खलारी और राय स्टेशन को रांची रेलमंडल में शामिल करने का प्रस्ताव बोर्ड को भेजने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने रांची समेत कई स्टेशनों के विकास पर चर्चा की।

********************

साहिबगंज के बोरियो प्रखंड के तसर सेंटर मैदान में झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक में सांसद विजय हांसदा ने 2 फरवरी को दुमका में आयोजित जनससभा ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया।

********************

झारखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों में आज वसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का त्योहार धार्मिक और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लोग विशेषकर विद्यार्थी ज्ञान और विद्या की देवी सरस्वती की पूजा करते हैं। यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है।

********************

मौसम विज्ञान केंद्र ने 24 जनवरी और 25 जनवरी को आंशिक बादल छाये रहने और 26 जनवरी को कहीं–कहीं सुबह में हल्के कोहरे का असर रहने का अनुमान जताया है। वहीं अगले कुछ दिनों तक अधिकतम तापमान 25 से 28 डिग्री के बीच रहने की उम्मीद है, जबकि न्यूनतम पारा 9 डिग्री से 13 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।

********************

झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन ने मास्टर नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम की घोषणा कर दी है। यह टीम 28 जनवरी से एक फरवरी तक केरल की राजधानी त्रिवेंद्रम में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होगी। झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण राम ने बताया कि टीम में 39 खिलाड़ी हैं। इनमें 29 पुरुष और 10 महिला हैं।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सारंडा के जंगल में पंद्रह नक्सलियों के मारे जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने डायल–112 पर रांची पुलिस की सुस्ती और रिस्पांस में झारखंड के नौंवे स्थान पर होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– झारखंड में शुरू होगी गुरूजी सस्टेनेबिलिटी छात्रवृत्ति।

प्रभात खबर ने लिखा है– शिक्षा, कौशल विकास और विरासत संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग करेगा यूके।

दैनिक जागरण ने चतरा के अबु सुफियान के छह शीर्ष मोस्ट वांटेड आतंकी होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

***************